पुलिस परिवार के दो मेधावी बच्चों को मिला सम्मान

जासं ● श्रावस्ती : उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने को विशेष सम्मान प्रदान किया। सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित कक्ष में एसपी राहुल भाटी ने बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस परिवार के दो मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन किट देकर सम्मानित किया व छात्रों को निरंतर मेहनत को प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि पुलिस परिवारों के बच्चे सीमित समय व चुनौतियों के बाद अनुशासन, परिश्रम व लगन के बल पर उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पुलिस कार्यालय में मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र के बेटे हाई स्कूल के मेधावी हर्ष सिंह व न्यायालय सुरक्षा प्रभारी नीशू तोमर के बेटे इंटर के मेधावी रक्षित को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया है।

प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार (दाएं) के बेटे हर्ष सिंह (मध्य में) को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते एसपी राहुल भाटी (बाएं) ● जागरण

डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

● व्यापक निगरानी में संपन्न कराई जाए पुलिस भर्ती परीक्षा : डीएम

डेली न्यूज नेटवर्क

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले में बनाए गए एकमात्र परीक्षा केंद्र श्री अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु जोनल, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र के कक्षों में पहुंचकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के मंशानुरूप परीक्षा कराये जाने हेतु अधिकारियों, कक्ष निरीक्षकों आदि को निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरों का जायजा लिया तथा कन्ट्रोल रूम में पहुंचकर कक्षवार सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संचालन का स्क्रीन का अवलोकन कर जायजा लिया तथा परीक्षा को व्यापक निगरानी में संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में लगे जोनल, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक गण उपस्थित रहे।